# टीसीआई ने मजबूत वित्तीय प्रदर्शन किया

**बैंगलोर।** ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ("टीसीआई"), भारत की अग्रणी इंटिग्रेटेड सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स सॉल्युशन्स प्रोवाइडर, ने 30 सितंबर को समाप्त दूसरी तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणामों की घोषणा की। टीसीआई का साल-दर-साल 20.3% और सिक्वेंशियल 18.6% की बढ़ोतरी के साथ ऑपरेशंस से राजस्व 737 करोड़ रुपए रहा। दूसरी तिमाही में 66 करोड़ रुपए की तुलना में 104 करोड़ का एबिट्डा रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 10.6% एबिट्डा मार्जिन की तुलना में 14.1% मार्जिन रहा। वित्त वर्ष 2021 की दूसरी तिमाही में 32 करोड़ रुपए के पीएटी की तुलना में इस वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 113% की बढ़ोतरी 68 करोड़ रुपए हुआ।